हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 9 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री


10 नौकरी लेने वाले नहीं, देने वाले बने विद्यार्थी



10 नमो एप के जरिये कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करेगी भाजपा




## खबर संक्षेप

### हमला कर दपति को घायल करने पर शिकायत दर्ज

**जींद।** घिमाना मे कहासूनी के बाद बाद दपति पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामचद्र ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी गांव के ही दीपक से कहासूनी हो गई। वह अपनी पत्नी निर्मल के साथ बाहर बैठा था। उसी दौरान दीपक ने तेजधार हथियार से दोनो पर हमला कर दिया।

### कमरे का ताला तोड़कर सामान चुराया, केस दर्ज

**सीवन।** चोरों ने डीएवी कालोनी में खेत के कमरे में से दरवाजा तोड़ कर कमरे से तोल वाला कांटा और कसी और एक दुकान से पानी की टोंटी चुरा ली। रविवार रात को दो चोरों ने डी.ए.वी. के साथ में स्थित सतपाल के खेत के कमरे में से दरवाजा तोड़ कर कमरे में रखा हुआ तोल वाला कांटा और एक कस्सी चोरी कर ली।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात-नकदी की चोरी

**जीद।** गाव किलाजफरगढ मे बीती रात चोरो ने मकान का ताला तोड कर सोना चादी के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान को चोरी कर लिया। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निवासी ईश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत बाहर हुआ था। चोरो ने ताला तोड कर सोने की चेन चांदी के कुडल अन्य सामान चुरा लिया।

### कैरम प्रतियोगिता अंबाला में 11 को

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी सुमन मलिक ने बताया कि 11 जनवरी को वार हिरोज मैमोरियल स्टेडियम अंबाला में अखिल भारतीय सिविल सेवा कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ट्रायल में भाग लेने, आने व जाने का खर्च संबंधित खिलाडियों द्वारा वहन किया जाएगा।

### युवती के लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना से युवती के गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से बाजार के लिए निकली थी। जो घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### सरकार से अधिकृत एजेंट से ही जाएं विदेश

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने विशेषकर युवाओं का आह्वान किया है कि वे शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत एजेंट या एजेंसियों से सावधान रहें। विदेश जाने के लिए अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। सरकार द्वारा अधिकृत या मान्यता प्राप्त एजेंट के माध्यम से ही विदेश जाएं।

### शादी का झासा दे दुष्कर्म करने का आरोपित काबू

**जींद।** महिला थाना पुलिस ने सिरसा की युवती को शादी का झासा दे दुष्कर्म करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने के मुख्य आरोपित को गिरफतार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सिरसा निवासी एक युवती ने गत चार जनवरी को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि सोनू नाम की महिला उसे शादी करवाने का झासा देकर अपने साथ गांव जैजवती ले आई।

### गाव मोहम्मद खेडा से युवती के लापता

**जींदा।** गाव मोहम्मद खेडा से युवती के गायब होने पर पिल्लूखेडा थाना पुलिस ने एक युवती के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव मोहम्मद खेडा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

# आकाश में छाए बादल, धुंध तथा कोहरे से राहत, बूंदाबांदी की संभावना

## तापमान मे मामूली बढ़ौतरी, ठंड से राहत नहीं, किसानों को बारिश की दरकार, फसलों को पहुंचेगा अच्छा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोमवार को आकाश मे बादल छाये रहे। जिसके चलते बूदाबादी के आसार बने रहे। हालाकि बादलो के छाने से धुध तथा कोहरे से तो राहत मिली, लेकिन ठडसे राहत नही मिली। तापमान मे भी थोडा सा इजाफा दर्ज किया गया। अगर ऐसे हालात मे बूदांबांदी या बारिश होती है तो फसलो को काफी फायदा पहुचेगा ओर सूखी ठड से भी राहत मिलेगी। सोमवार को अधिकतम तापमान 12.2 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री दर्ज किया गया। मौसम आर्दता 83 प्रतिशत तथा हवा की गति तीन किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार नौ जनवरी को जिले मे बादलवाई रहने के साथ बूंदाबांदी होने की सभावना है।



**जींद।** गेहूं की फसल पर नजर आ रही ओस की बूंदें। *फोटो :हरिभूमि*

### बरसात के आसार

पाडु पिडारा कृषि विज्ञान केद्र के मौसम विज्ञानिक डा राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से बूदाबादी की सभावना बनी है। कही कही गरज चमक के साथ बूदाबादी के आसार है। अगर बारिश होती है तो फसलो को काफी फायदा पहुचेगा। ग्रोथ तथा फूटाव अच्छा होगा। फिलहाल ठंड से राहत मिलने के काई आसार नही है।

आकाश मे छाए रहे बादल, कोहरे तथा धुंध से राहत ठंड से नही

पिछले दस दिनो से पड रही धुध तथा कोहरे तो सोमवार कुछ राहत मिली, लेकिन ठड से नही, दिन भर आकाश मे बदल छाए रहे ओर बूदांबादी के आसार बने रहे। बादलो के छाए रहने से तापमान मे मामूली इजाफ भी हुआ। लेकिन ठंड से राहत नही मिली। दिनभर सर्य देवता के दर्शन नही हुए। हवा की गति भी काफी मद रही। बावजूद इसके दिनभर ठंड से कंपकपी छुटती रही। ऐसे हालातो मे अलाव लोगा का सहारा बनी। लोगो ने जल्दी से कामकाज निपटाए ओर जल्दी घरो को लौट गए।

### ठंड से सब्जियों को नुकसान

सर्दी के मौसम मे अब तक बारिश नही हुई है। ठंड भी अच्छी खासी पड रहे है।पिछले दस दिनो सुर्य भी दिखाई नही दे रहा है। हांलाकि धुध ने जरूर फसलो को राहत देने का कार्य किया है।

अब किसानो को बारिश की दरकार है। ताकि फसलो को सूखी ठंड से राहत मिले ओर उन्हे अच्छी ग्रोथ मिले। धूप न निकलने के कारण फसलो पर विपरित प्रभाव पड रहा है ओर अब तक बारिश भी नही हुई है। ठंड होने के कारण सब्जियो को भी नुकसान हो रहा है।

## जिला पटवार भवन में दिया धरना, पटवारियों के कमरों पर लटके ताले

# पटवारियों की हड़ताल से अटके काम, लोग भटकने को मजबूर

### भूमि तथा राजस्व से जुडी लगभग 75 से ज्यादा सेवाए देते है पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर चल रही पटवारियों तथा कानूनगो की हड़ताल के चलते भूमि तथा राजस्व से जुडे कार्यों के लिए आने वाले लोगों भटकना पड़ रहा है। पटवारियों तथा कानूनगों ने मागों को लेकर सोमवार को भी जिला पटवार भवन मे धरना दिया ओर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हल्का पटवारियो के कमरों पर जड़े रहे। हड़ताल के लंबा खिचने से लोगो की परेशानी ओर बढ़ गई है। पटवारियों तथा कानूनगों की हड़ताल से 75 से ज्यादा सेवाए है प्रभावित पटवारियों तथा कानूनगों की हड़ताल से उनके द्धारा दी जाने वाली 75 से ज्यादा सेवाए प्रभावित हो गई। लोग भूमि,राजस्व से जुड़े काम को लेकर पटवार भवन पहुच रहे है। लेकिन पटवारियों की हड़ताल के चलते काम नही हो पा रहे है। जिन 75 सेवाए है उनमे पटवारियो कर रिपोर्ट करना भी शामिल है। रजिस्ट्री , इतकाल, फर्द व अन्य दस्तावेज वेरिफाई, निशानदेही से सबधित न लाने कितने कार्य है। जो पटवारियों की हड़ताल से ठप पडे हुए है। हड़तालरत पटवारियों तथा कानूनगों ने कहा कि सरकार को पहले ही अवगत करा दिया था। बातचीत के सरकार के पास शनिवार तथा रविवार का समय था। लेकिन सरकार ने बातचीत के लिए नही बुलाया।

जिसके चलते हड़ताल को दस जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। अगर सरकार इस अवधी तक मागों पर विचार नही करती तो आदोलन को ओर तेज कर दिया जाएगा।



**जींद।** पटवारी व कानूनगो धरना देते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



कम्प्यूटरीकृत रपट रोजनामचा सेवा एवं इंतकाल दर्ज की खाली पड़ी खिड़की।

### एक सप्ताह से चक्कर काट रहेः छात्र

यहां पटवारखाने में आए छात्र चिराग, रमेश और जतिन ने कहा कि वह एक सप्ताह से अपने डोमिसाईल के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पटवारियों की हड़ताल के कारण उसका काम नहीं हो पा रहा है। अमन नाम के एक व्यक्ति ने बताया कि उसे अपनी जमीन का इंतकाल करवाना था, लेकिन वह पिछले पांच दिनों से चक्कर काट रहा है। इसी प्रकार से पटवारखाने में रोजमर्रा के काम के लिए आने वाले लोग ताले लटके देखकर जाने को मजबूर हैं।

### वर्क लोढ बहुत ज्यादा

द पटवार कानूनगो एशोसिएशन के जिला अध्यक्ष सूबे सिह ने बताया कि पटवारियो पर काफी सेवाए निर्भर करती है। काम 'यादा बढता जा रहा है। जबकि पटवारियो की सख्या घटती जा रही है। प्रदेशभर में पटवारी की संख्या चार हजार के आसपास होनी चाहिए थी, लेकिन प्रदेश मे 1400 पटवारी की काम कर रहे है। तीन गुना कार्य पटवारियो से लिया जा रहा है। जिसके चलते काम भी समय पर नही हो पाते ओर लोगो को भी परेशानी का सामना करना पड रहा है। पटवारियों को कंप्यूटर की विभागीय ट्रेनिंग करवाई जाए ताकि पटवारी अपना कार्य खुद से कर सकें। उन्हें किसी आप्रेटर पर निर्भर न होना पड़े। इसके लिए पटवारियों को लैपटॉप भी उपलब्ध करवाए जाएं। बढाए गए वेतनमान को एक जनवरी 2016 से लागू करने, 24 जनवरी 2023वास्तविक रूप से लागू करने, लबित पडे नायब तहसीलदार की विभागिय परीक्षा करवाई जाए। खाली पदो पर नियमित भर्ती की जाए।



**कैथल।** नारेबाजी कर रोष जताते गेस्ट टीचर। *फोटो :हरिभूमि*

# अतिथि अध्यापकों ने की सरकार विरोधी नारेबाजी

- जिला प्रधान सुशील ढुल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला के गेस्ट टीचरों की मीटिंग हनुमान वाटिका में जिला प्रधान सुशील ढुल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 10 जनवरी को जगाधरी में होने वाली अधिकार रैली की तैयारी को लेकर हुई। सुशील ढुल ने कहा कि 2013 में उस समय बीजेपी अध्यक्ष रामबिलास शर्मा, वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित दर्जनों बीजेपी के पदाधिकारियों ने लैटर हैड पर लिखित में वायदा किया था और जंतर-मंतर पर एक रिटायर्ड जज को लेकर पहुंचे थे कि 5 से 6 महीने में बीजेपी बनते ही पहली क्लम से15000 गेस्ट टीचरों को नियमित किया जाएगा और 2014 के बीजेपी के घोषणा पत्र में भी लिखित में वायदा किया गया था कि गेस्ट टीचरों को नियमित किया जाएगा और पिछले 8 से 9 वर्षों का एरियर भी भुगतान किया जाएगा लेकिन आज तक गेस्ट टीचरों को नियमित नहीं किया गया जिसके कारण हरियाणा प्रदेश के गेस्ट टीचरों में भारी रोष है। राज्य वरिष्ठ उपप्रधान मास्टर सुभाष चन्द ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार के दो कार्यकाल बीत जाने के बाद भी गेस्ट को आज तक नियमित नहीं किया गया और गेस्ट टीचर पिछले 18 वर्षों से बगैर किसी सुविधा के एक नियमित अध्यापक की तुलना में एक तिहाई से भी कम वेतन पर काम कर रहे हैं।

**ये रहे मौजूदः** जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र ढांडा, देवेन्द्र शर्मा, सतबीर शर्मा, सुरेश बनवाला, रवि कुमार, दीपक आहुजा, दलबीर राठी, गुहला कोषाध्यक्ष जगरूप सीड़ा, संदीप बालू, जितेन्द्र बाबा लदाना,गगन देबन, यशपाल शर्मा,पवन शर्मा, चांदी बाता, विनोद, बलवान मुनारेहडी, महावीर जागलान, रोहतास चहल, नरेश भाना , रमेश भाना, संजीव छौत, रमेश देबन, जसविंदर पुंडरी,सुनील कथूरिया, पवन शास्त्री, मोहन पाडला, विजय, करण पुनिया, वेद, सुनिल, रमेश बरटा,पवन,सुनील, रामपाल शर्मा, सुभाष किठाना आदि मौजूद रहे।

# हिट एंड रन संशोधन बिल का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीद

आज जींद जिले के ड्राइवर रानी तालाब के पास टैक्सी स्टैंड पर इकट्ठे और यहां से लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। बाद में लघु सचिवालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के रा'य अध्यक्ष सरताज खान, सलमान खान, जिला प्रधान नरेंद्र बुआना, धर्मबीर कापड़ो, अमित कापड़ो, राजा राम बरसाना, अरुण शर्मा, सुरेंद्र बेनीवाल, भागल सिंह, वजीर उर्फ गोगी, टैक्सी यूनियन के जिला प्रधान नरेंद्र खर्ब, उपप्रधान महाबीर पेगां, सीटू जिला सचिव कॉमरेड कपूर सिंह, कॉमरेड रमेश चन्द्र, आजाद पांचाल आदि शामिल हुए। ड्राइवर पिछले आठ दिनों से हिट एंड रन संशोधन बिल के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। धरने में ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के जिला प्रधान आदि मौजूद रहे। धरने को सम्बोधित करते हुए नरेंद्र बुआना, आजाद पांचाल, नरेंद्र खर्ब आदि ने बताया कि 26 दिसम्बर को लोकसभा में हिट एंड रन संशोधन बिल पास किया गया। इसके लागू होने से देश और प्रदेश भर का चालक वर्ग बर्बाद हो जाएगा। इसके विरोध में चालकों की एक जनवरी से हड़ताल चल रही है जिसकी मुख्य मांग हिट एंड रन संशोधन बिल को तुरंत रद्द की मांग है।




**जींद।** जींद में प्रदर्शन करते चालक। *फोटो :हरिभूमि*

# पेंशन बहाली को लेकर गरजे रेलवे कर्मी

- सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी बारह को दिल्ली पहुंचने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सोमवार को जींद जंक्शन पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन व उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन ने अलग-अलग धरने दिए और भूख हड़ताल की। इस दौरान रेलवे कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन जींद शाखा द्वारा चार दिवसीय भूख हड़ताल की शुरूआत रेलवे जंक्शन पर अंकुर शर्मा की अध्यक्षता में शुरू की गई। क्रमिक भूख हड़ताल में 70 कर्मचारियों ने भाग लिया। आठ से 11 जनवरी तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। शाखा सचिव मेहर सिंह ने कहा कि एनपीएस कर्मचारियों के लिए घातक है। एनपीएस कोई गारंटी पेंशन नहीं है। एनपीएस शेयर मार्केट पर आधारित एक स्कीम है, जो बिल्कुल भी भरोसेमंद नहीं है। इसमें किसी भी प्रकार का महंगाई भत्ता बढ़ोतरी का कोई भी प्रावधान नहीं है और किसी भी प्रकार से यह कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी नहीं देती। कर्मचारी केवल पुरानी पेंशन के लिए लामबंद हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती तो कर्मचारी आने वाले समय में रेल का चक्का जाम करने को मजबूर होंगे और इसके लिए स्वयं सरकार जिम्मेदार होगी। कामरेड कुलदीप मल्होत्रा, बबीता चंदन, सुमेर सिंह, सोनू, मोहन, विपिन, सुरेश, मनफूल व रणवीर शर्मा भी उपस्थित रहे।



**जींद।** उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के कर्मचारी धरना देते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### 12 को दिल्ली पहुंचकर करेंगे आवाज बुलंद

वहीं पर उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन ने भी पुरानी पेंशन स्कीम बहाली मांग को लेकर जींद जंक्शन पर क्रमिक अनशन शुरू किया। शाखा सचिव सचिन ढुल ने कहा कि अभी 11 जनवरी तक स्टेशन पर कर्मचारी सुबह दस बजे से लेकर पांच बजे तक धरना देंगे, जिसके बाद 12 जनवरी को भारी संख्या में दिल्ली पहुंचकर पुरानी पेंशन स्कीम बहाली की मांग को लेकर आवाज बुलंद करेंगे।

## 12 तक किया जाना है पंजीकरण, स्कूलों की छुट्टियां 15 तक

# ऑनलाइन चर्चा पंजीकरण में अवकाश बना बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा पर चर्चा की ऑनलाइन प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाए जा रहे हैं, परंतु स्कूलों में शीतकालीन अवकाश के कारण यह पंजीकरण पूरा नहीं हो रहा हैं। इस प्रतियोगिता में केवल विद्यार्थी ही नहीं, उनके अभिभावक व शिक्षक भी भाग लेंगे। इसके लिए दोनों का पंजीकरण करवाया जाना है। इसकी जिम्मेदारी सभी स्कूल व कक्षा प्रभारियों को दी गई है, परंतु शीतकालीन अवकाश के कारण अध्यापकों को यह काम पूरा करने में परेशानी हो रही है। ऐसे में अध्यापक व कक्षा प्रभारी इसके लिए ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित तो कर रहे हैं, लेकिन इसका उतना रूझान नहीं मिल पा रहा है। निदेशालय की ओर से 12 जनवरी तक ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जबकि स्कूलों में 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश हैं। बता दें कि विद्यार्थियों को परीक्षा तनाव से मुक्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों व अभिभावकों से चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए शिक्षा मंत्रालय विद्यार्थियों व अभिभावकों की ऑनलाइन प्रतियोगिता करवा रहा है। इसके लिए 12 जनवरी तक पंजीकरण करवाना है। प्रतियोगिता में छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को शामिल किया जाना है। परंतु शीतकालीन अवकाश के कारण इसमें परेशानी आ रही है। 10वीं से 12वीं के 24 हजार विद्यार्थियों व शिक्षकों को विभाग की ओर से ई-अधिगम योजना के तहत टैबलेट दिए गए हैं। जिस पर अध्यापक विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता के बारे अपडेट दे सकते हैं, परंतु परेशानी छठी से नौवीं तक 30 हजार विद्यार्थियों के लिए है। अधिकांश विद्यार्थी ऐसे हैं जिनके पास मोबाइल नहीं हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन करवाने में परेशानी आ रही है।

### बीईओ की लगाई जिम्मेदारी



जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रतियोगिता के लिए लिंक जारी किया गया है। जो निदेशालय के माध्यम से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिया गया। जिला कार्यालय की ओर से इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों की जिम्मेदारी लगाई गई है। बीईओ को इसके लिए विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया है, जिसके लिए सभी स्कूल व कक्षा प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। पंजीकरण 12 जनवरी तक चलेंगे।

# डिवाइडर पर लाइट न होने से चालक परेशान

- 4 साल बाद भी डिवाइडर पर लाइट नहीं,राजौंद की सुंदरता को भी ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर पर लाइट न होने से वाहन चालकों व नगर की जनता में भारी रोष है। इससे राजौंद की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है। नागरिकों ने कहा कि 4 वर्ष पूर्व डिवाइडर बनाया गया था लेकिन आज तक भी डिवाइडर पर लाइटें लगाने की जहमत संबंधित विभाग ने नहीं उठाई। आए दिन जहां घटना होती हैं वहीं राजौंद की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है। नागरिक कुलदीप, सोहनपाल, रमेश, राजकुमार, श्याम सिंह, विशाल ने कहा कि नगर के मुख्य मार्ग पर डिवाइडर बने 4 वर्ष बीत गए हैं लेकिन आज तक भी लाइटे लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। इससे लोगों के साथ साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानी होती है। यहां तक की अभी तक डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर टेप तक नहीं लगाई गई जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। कहा कि लाइट लगाना तो दूर की बात डिवाइडर के बीच में छोड़े गए कटों को आज तक नहीं भरा गया है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**सफीदों।** महायोगी गुरु गोरखनाथ मानव कष्ट निवारण एवं माता भागा देवी वृद्धा आश्रम सेवा समिति द्वारा गांव भंभेवा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर अतिथि भगत हरिराम और संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकाश कंसल ने शिरकत की। शिविर में डा. आकाश बारी व डा. संजय ने लोगों को स्वास्थ्य जांचकर उनको उचित परामर्श दिया। इसके अलावा मरीजों को दवाईयां भी निःशुल्क दी गई। अतिथियों ने कहा कि हर आदमी को समाजसेवा जीवन का अहम अंग बनाना चाहिए।

### सांसद बृजेंद्र सिंह बुडायन में आज

**उचाना।** हिसार लोकसभा सांसद बृजेंद्र सिंह 9 जनवरी को हलके के गांव बुडायन पहुंचेंगे। हरेंद्र सिंह ने बताया कि सार्वजनिक कार्यक्रम में वो बुडायन गांव में शिरकत करेंगे। यहां ग्रामीणों से रूबरू होने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं की समस्याओं को भी सुनेंगे।

### माकपा आज करेगी जींद में रोष प्रदर्शन

**जींद।** देश में विनाशकारी आर्थिक नीतियों के खिलाफ जनहित वैकल्पिक आर्थिक नीतियां लागू करवाने वास्ते वामपंथी पार्टियां सीपीएम व सीपीआई का कल जींद के नेहरू पार्क में जिला स्तर का आक्रोश प्रदर्शन होने जा रहा है। इस प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर जिला भर में जोरदार अभियान चलाया गया है।

### नरवानाः मेला मंडी से जीरी के बैग चोरी

**नरवाना।** मेला मंडी से कमीशन एजेंट की दुकान के सामने रखे जीरी के बैगों से सात बोरी जीरी के बैग चोरी हो गए। शहर थाना पुलिस ने आढ़ती की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आढ़ती ओमप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी दुकान के बाहर जीरी के बैग का स्टाक लगाया हुआ था। रात को चोरों ने सात बैग चोरी कर लिए। चोरी का सुबह उस समय पता चला जब वह दुान पर पहुंचा और स्टाक संभाला।

### चोरी का एक आरोपित गिरफ्तार, दो फरार

**जीद।** नरवाना के हरीनगर में घर का ताला तोड जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर ले जा रहे एक चोर को पडोसियो ने काबू कर लिया। जबकि दो फरार होने मे कामयाब हो गए। पकडे गए चोर से कुछ सामान भी मिला है। शहर थाना नरवाना पुलिस पकडे आरोपित से पूछताछ कर रही है। हरीनगर निवासी आशू ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की परिवार समेत कार्यवश बाहर चला गया था।

### क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठाएं किसान

**जींद।** पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ण देने का प्रावधान है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियावंत की जा रही हैं।

### गठबंधन सरकार में हुए किसानों के लिए काम

**उचाना।** डिप्टी सीएम के निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग ने कहा कि किसानों के लिए आजादी के 70 साल में उतने काम नहीं हुए, जितने काम मौजूद गठबंधन सरकार में पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम मनोहर लाल, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की किसान हितैषी सोच के चलते हुए है। कांग्रेस के राज में डीएपी, यूरिया के लिए किसानों को लाइनों में लगना पड़ता था। आज यूरिया की कालाबाजारी बंद हुई है।

### राजस्थान उपचुनाव ने साफ की लोकसभा की तस्वीर

**उचाना।** कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष एवं हलके से बीती विस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार रहे बलराम कटवाल ने कहा कि राजस्थान की गंगानगर की श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर हुए उप चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को मिली जीत ने लोकसभा चुनाव के परिणाम में क्या रहेगा इसका संकेत दे दिया है।

---

प्रत्येक लाभार्थी को विकसित भारत एंबेसडर बनाने की तैयारी

# नमो एप के जरिये कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करेगी भाजपा

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश


**जींद।** भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा ने नमो एप के जरिये लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नई योजना तैयार की है। प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि को नमो एप पर सक्रिय रहना होगा। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नमो एप के जरिये कार्यकर्ताओं की नई फौज तैयार करेगी। पार्टी ने विकसित भारत संकल्प अभियान के जरिये नए मतदाताओं से लेकर मोदी-मनोहर सरकार की योजना के प्रत्येक लाभार्थी को विकसित भारत अभियान से जोड़ने की तैयारी शुरू की है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री फनिंद्रनाथ शर्मा सोमवार को पार्टी कार्यालय में जींद में सफीदों, जुलाना व जींद विधानसभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओ के आगामी लोकसभा चुनाव के कमर कस लेने के निर्देश दिए।

कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पार्टी के जिला अध्यक्ष राजू मोर ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों को लेकर हमें जनता के बीच जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस या अन्य विपक्षी पार्टियां अपना जनाधार खो चुकी हैं, जबकि बीजेपी प्रदेश सरकार के विकासपरक योजनाओं की वजह से पहले से 'यादा मजबूत हुई है। इसका सीधा लाभ आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के पक्ष में जाना तय है। उन्होंने मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओ से सुझाव भी मांगे और कार्यकर्ताओ से आग्रह किया कि 'यादा से 'यादा संख्या मे नमो एप्प के साथ आमजन को भी जोड़ें। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने और केंद्र की योजनाएं लोगों तक पहुंचाने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक दस्तकारों का उत्थान करना है। बैठक को भाजपा के जिला प्रभारी व हरियाणा पशुधन व डेयरी विकास विभाग के चेयरमैन धर्मबीर मिर्जापुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हरियाणा सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा के सरकार ने पक्ष विपक्ष से ऊपर उठकर प्रत्येक वर्ग और क्षेत्र का कल्याण किया है। बैठक को जींद भाजपा विधायक डॉ कृष्ण मिढ़ा ने भी सम्बोधित किया और हरियाणा व केंद्र सरकार कि जन कल्याणकारी नीतियों के बारे मे विस्तर से बताया। अलग अलग आयोजित हुई तीनों बैठकों मे मुख्य रूप से जींद विधायक डॉ कृष्ण मिड्ढा, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग, जिला महामंत्री डॉ राज सैनी व जगदीश उझाना, वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी, अमरपाल राणा, डॉ ओम प्रकाश पहल, कर्मबीर सैनी, धर्मपाल मलिक, सुरेश कौशिक, रामफल शर्मा, रामराजी शर्मा, स'जन गर्ग, सुखदीप बुआना, पुष्पा तायल, सियाराम गोयल, कार्यालय प्रभारी नरेंद्र शर्मा, भीम सैनी, नरेंद्र पहल, उषा बिडलान, तजिंन्द्र ढुल, धर्मेंद्र शर्मा, गौरव भारद्वाज, सुरेंद्र धवन, कृष्ण अहलावत समेत तीनों विधानसभाओं ने सभी मंडल अध्यक्ष, प्रदेश के सदस्य, जिला के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष व अन्य प्रमुख नेतागण शामिल रहे।


**जींद।** प्राइवेट स्कूल संघ के सदस्य भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री को ज्ञापन सौंपने के लिए जाते हुए। फोटो :हरिभूमि

## जींद : प्राइवेट स्कूल संघ ने बांड राशि के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जींद।** प्राइवेट स्कूल संघ ने सोमवार को संघ के अध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा को बांड राशि के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान ने कहा कि प्रदेश में अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय वर्ष 2001 से चल रहे हैं। अभी तक सरकार प्रत्येक वर्ष एक्सटेंशन देती रही है। इसके बावजूद सरकार ने इस वर्ष दो लाख रुपये बांड राशि प्रत्येक विद्यालय से मांगी गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद विद्यालयों की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण विद्यालय यह बांड राशि भरने में असमर्थ है। रा'य में इस वर्ष 1038 अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय चल रहे हैं। इनमें 60 हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए उनकी सरकार से मांग है कि स्कूलों पर थौंपी जा रही इस बांड राशि को वापस लिया जाए, ताकि प्रदेश के विद्यार्थी इन स्कूलों में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश के भविष्य के लिए बेहतर कर सकें। इस अवसर पर महासचिव सुनील खोखर, महासचिव विनोद मलिक भी मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस को लेकर एसडीएम ने ली मीटिंग

**सफीदों।** उपमंडल सतर पर गणतंत्र दिवस धूमधाम एवं हषार्ेल्लास के साथ मनाने को लेकर एसडीएम मनीष कुमार फोगाट ने सोमवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 26 जनवरी को रामलीला ग्राउंड में आयोजित होगा। एसडीएम फोगाट ने सभी अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी एवं सभी प्रबंध समय पर मुकम्मल करने के निर्देश दिए। समारोह पूर्ण रूप से गरिमा पूर्वक तरीके से संपन्न हो इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी निष्ठा पूर्वक निभाएं। एसडीएम ने कहा कि समारोह में पुलिस, एनसीसी केडेट्स, कॉलेज, आईटीआई एवं एवं स्काउटस की टुकड़ियों को परेड में शामिल किया जाए और उनकी रिहर्सल पुलिस सहायक अधीक्षक द्वारा नियुक्त परेड कमांडर की देखरेख में होनी चाहिए। एसडीएम मनीष कुमार फौगाट ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में लोगों को सरकारी योजनाओं एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए वन विभाग, कृषि विभाग, पब्लिक हेल्थ, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, तथा शिक्षा विभाग की झांकियां निकाली जाएगी।

---

# बांगर उत्सव का जल्द विस्तार : बीरेंद्र

■ प्रतियोगिताओं का बेहतर तरीके से आयोजन करने की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


बांगर उत्सव कमेटी को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

गैर राजनीति बांगर उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में भूमिका निभाने वालों के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, सांसद बृजेंद्र सिंह ने मीटिंग की। गैर राजनीति कार्यक्रम में बेहतर खेल, सांस्कृति, प्रदर्शनी, भाषण, बांगर के इतिहास की जानकारी की प्रदर्शनी सहित अन्य प्रतियोगिताओं का बेहतर तरीके से आयोजन करने की सराहना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि लगातार दूसरी बार गैर राजनीति बांगर उत्सव का आयोजन राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में हुआ। ये उत्सव आने वाले दिनों में एक पर्व की तरह मनाया जाएगा। गैर राजनीति इस कार्यक्रम को 2025 में नव वर्ष पर विस्तार करते जींद जींद के अलावा कैथल, करनाल, भिवानी, हिसार, फतेहबाद सहित अन्य जिलों की कुछ क्षेत्र जो बांगर में है उनको भी शामिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम को विशाल रूप दिया जाएगा ताकि बांगर के लोग इस कार्यक्रम का इंतजार करें। उन्होंने कहा कि भारतीय गणतंत्र दिवस की शुरूआत जो 26 जनवरी 1950 को हुई थी। 26 जनवरी 2025 को 75 वर्ष पूर्ण होने पर बांगर क्षेत्र के 7500 व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने भिन्न-भिन्न क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त की है। इस मौके पर सज्जन सिंह, जुगमिंद्र कोच, डॉ. रामचंद्र जांगड़ा मौजूद थे।

### जरूरतमंदों विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की



**उचाना।** पूर्व सरपंच मांगेराम खापड़ की पुण्य तिथि पर जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, पेन बांटे गए। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र खापड़ की अगुवाई में कॉपी, पेन बांटे गए। नरेंद्र खापड़ ने कहा कि पूर्व सरपंच मांगेराम खापड़ अपनी बात को बेबाक तरीके से कहने के लिए जाने जाते थे। हर वर्ग के लिए गांव में कार्य करने के साथ-साथ सभी को साथ लेकर वो चलते थे। शिक्षा की अलख भी जगाने का काम अपने जीवनकाल के दौरान किया। गांव के 20 के करीब विद्यार्थियों को कॉपी, पेन उनकी पुण्य तिथि पर दिए गए।

# डीएवी स्कूल के खिलाड़ी छाए

■ फेंसिंग में अंडर 14 में जींद की टीम एसजीएफआई खेलों में लेगी भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद डीएवी के छात्र साहिबाबाद में जीती गई ट्राफी के साथ।

डीएवी नेशनल खेलों में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद के 22 बच्चों ने अलग-अलग खेलों में अपना हुनर दिखाया तथा स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर दी। फेंसिंग में अंडर 14 में डीएवी. पब्लिक स्कूल, जींद की टीम को डीएवी की ओर से एसजीएफआई खेलों में भाग लेने के लिए चयनित कर लिया है। ये खेल प्रतियोगिताएं दिल्ली, गाजियाबाद, साहिबाबाद, नोएडा, सोनीपत, पानीपत, मधुबन आदि स्थानों पर हुई। खेलों के परिणाम के विषय में डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि स्कूल के 22 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लॉन टेनिस, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग तथा ताइक्वांडो और कराटे में स्वर्ण, बैडमिंटन और योग में कांस्य तथा तैराकी में रजत पदक प्राप्त किया है। बैडमिंटन में उन्नति व मन्नत ने कांस्य पदक प्राप्त किया जबकि योगा में मनस्वी व वंदिता ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कराटे में नैंसी ने स्वर्ण पदक पर अपना वर्चस्व स्थापित किया।

लॉन टेनिस खेल में लड़कियों में अलैक्षा ने स्वर्ण पदक वहीं लड़कों में कबीर अहलावत ने कांस्य पदक पर अपना अधिकार जमाया। भारत्तोलम खेल में हर्ष पांचाल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

---


**नरवाना।** अध्यापक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं के साथ मुख्य अतिथि।

## एचटेट पास 39 छात्राओं का मानव मित्र मंडल ने किया सम्मान

**नरवाना।** कस्बे की सामाजिक संस्था मानव मित्र मंडल ने अपनी निशुल्क कोचिंग कक्षाओं की उत्तीर्ण छात्राओं को एक आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया। संस्था सचिव नरेश वत्स ने बताया कि शाखा प्रत्येक वर्ष महिलाओं के लिए निशुल्क एचटेट, नेट इत्यादि कोचिंग कक्षाएँ आयोजित करती है। इस वर्ष 39 छात्राओं ने एचटेट की परीक्षा उत्तीर्ण की। कोचिंग कक्षाओं का परिणाम 60 प्रतिशत से अधिक रहा जबकि बोर्ड का परिणाम महज 14 प्रतिशत है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वेदांता स्कूल के निदेशक प्रदीप नैन ने छात्राओं को शैक्षिणक हुनर सीखने व शिक्षा में नवाचार अपनाने पर बल दिया। मॉडल स्कूल बेलरखा के प्राचार्य बलजीत गोयत ने भावी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा देना महान व पवित्र कार्य है। उनका यह कर्त्तव्य बनता है कि वे भी समाज में शिक्षा को आगे बढाने हेतु निस्वार्थ कार्य करें।

# नपा का तीन गेट बनाने पर स्वागत

■ द्वार पांडु पिंडारा, जयंती देवी व सुरसैन के नाम से बनाएं जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


रूपगढ़ में माजरा खाप के चबूतरे पर बैठक के बाद इकट्ठा खाप के पदाधिकारी।

शहर की सुन्दरता के लिए नपा द्वारा मुख्य रूप से तीन द्वार बनाने के फैसले पर माजरा खाप पंचायत ने जींद नगर पालिका अध्यक्षा का स्वागत किया है। ये द्वार पांडु पिंडारा, जयंती देवी व सुरसैन के नाम से बनाएं जाएंगे।

माजरा खाप पंचायत जींद के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू व सचिव महेन्द्र सिंह सहारण ने माजरा खाप पंचायत के निर्माणाधीन चबुतरे का निरीक्षण करने उपरान्त इस विषय पर खाप प्रतिनिधियों में बात हुई। माजरा खाप पंचायत जींद ने चार महीने पहले नगरपरिषद अध्यक्षा को एक मांग पत्र सौंपा था जिसमें मांग की थी कि चौधरी हरफूल सिंह जाट जुलाणी गौरक्षक गोप्रेमी जो रहे हैं हिन्दू धर्म के रक्षक रहें हैं ने अपनी जान जोखिम में डालकर हिन्दू धर्म की रक्षा की थी उसके नाम से जुलाणी रोड़ पर या अपोलो रोड़ पर बड़ा द्वार बनाने की मांग माजरा खाप पंचायत ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि से मिल की थी और डा. राज सैणी प्रतिनिधि ने विश्वास दिलाया था कि चौधरी हरफूल सिंह जुलाणी के नाम से शीघ्र ही द्वार बनाया जाएगा लेकिन दुःख की बात है कि उनके नाम से द्वार की घोषणा नहीं की गई।


विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगाई स्टॉलों का मुआयना करती पुष्पा तायल।

### यात्रा से जरूरतमंदों को मिल रही सुविधाएं : डॉ पुष्पा

**जुलाना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जुलाना नगर में पहुंची। इस मौके पर नगर के 13 वार्डों से वार्डवासी मौजूद रहे व सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाया। इस मौके पर अपने संबोधन में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ पुष्पा तायल ने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाना ही इस यात्रा का असली मकसद है। सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति को लेकर आगे बढ़ रही है। पहले की सरकारों में लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, अब सरकार गरीबो को ढूंढ रही है ताकि उनका कल्याण किया जा सके। सरकार ने गरीबों के लिए मकान,आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, मुफत में अनाज, शिक्षा आदि उपलब्ध करवाए हैं। इस मौके पर सभी विभागों के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही फैमिली आईडी, आधार कार्ड,बिजली बिल आदि की त्रुटियां दूर की गई।

---

आईटीआई नरवाना में पहुंचे रिटायर्ड लैफ्टिनेंट जनरल जेएस नैन

# नौकरी लेने वाले नहीं, देने वाले बने विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


**नरवाना।** दीप प्रज्जवलित करते रिटायर्ड लैफ्टिनेंट जनरल जे एस नैन।

बच्चों को सफलता पाने के लिए कहा कि कभी भी खुद को किसी से कम नहीं समझना नहीं चाहिए। मानव जीवन बहुत ही दुर्लभ जीवन है इसके लिए प्रभु का शुक्रिया अदा करना चाहिए। जीवन में कभी भी हताश नहीं होना चाहिए कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। जीवन में सभी को खुश रहना चाहिए। जरूरी नहीं बहुत पैसा होने पर ही खुशी मिलती है। मेहनत करनी चाहिए जिससे आप चैन की नींद सो सके जो चैन की नींद सो सके वही वास्तव में सुखी है। यह बात रिटायर्ड लैफ्टिनेंट जनरल जे एस नैन ने आज यहां आईटीआई में बच्चों को संबोधित करते कही। इससे पहले संस्थान में पहुंचने पर संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल गोयल व स्टाफ सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उसके बाद एनसीसी कैडेट्स की एक टुकडी उनको पुरे सम्मान के साथ एस्कार्ट करते हुए कार्यक्रम के मंच तक लेकर गए। उसके बाद मुख्य अतिथी जे एस नैन द्वारा दीप प्र'वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियो को सम्बोधित करते अपने बारे में जानकारी देते बताया कि उन्होंने 8 वर्ष की उम्र में कुंजपुरा सैनिक स्कूल में दाखिला लिया और तब से 40 वर्षों तक सेवाएं देकर रिटायर हुए। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा ऐसा काम करे जिससे आपको या फिर आपके परिवार को आपकी वजह से कभी नीचा न देखना पड़े। वहीं उन्होने विद्यार्थीयो को कहा कि नौकरी की लाईन में लगने की बजाय नौकरी देने वाला बनना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि जहां भी उनकी जरुरत हो वह हमेशा उनके सहयोग के लिए हाजिर मिलेंगे। इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के एसडी महिला महाविद्यायल से एनसीसी कमान्डेंट नयनदीप, संस्थान एनसीसी कमान्डेंट आशा, रामनिवास वरिष्ठ वर्ग अनुदेशक, दीपक वर्ग अनुदेशक, जसबीर सिहं, विनीत कुमार, परमजीत व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


**नरवाना।** राजेन्द्र बडगुजर द्वारा श्यामलाल सांगी के ऊपर लिखित पुस्तक का विमोचन करते विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा। फोटो : हरिभूमि

### धरौदी में श्यामलाल सांगी की प्रतिमा लगाई जाएगी

**नरवाना।** गांव धरौदी में श्यामलाल सांगी की जंयती के अवसर पर तीन गांवों की पंचायत जिसमें कर्मगढ़, धरौदी व खानपुर की और से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पर हल्के के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक रामनिवास ने राजेन्द्र बडगुजर द्वारा श्यामलाल सांगी के ऊपर लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। वहीं विधायक ने श्यामलाल सांगी की प्रतिभा का सम्मान करते गांव धरौदी में प्रतिमा स्थापित कराए जाने की घोषणा की। वहीं उनके द्वारा विकास कायार्े को लेकर उन्होने जानकारी देते हुए बताया लगभग इक्यानवे लाख तिरसठ हजार रुपए के विकास कायार्ें को मंजूरी मिली है। जिसमें गांव सुरजाखेड़ा में 51 लाख से वाल्मीकि चौपाल का निर्माण, गांव कर्मगढ़ में 10 लाख 88 हजार रुपए से जिम हाल का निर्माण व कर्मगढ़ में दो गलियों का निर्माण 29 लाख 75 हजार से होगा। विधायक रामनिवास ने कहा सभी विकास कार्य इस माह के अंत तक प्रारंभ हो जाएंगे और बचे कामों की भी सूची भेजी गई है जिन्हें जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है। अमरजीत बब्लू एमसी, चेयरमैन राजेन्द्र नैन, सरपंच रामफल, सरपंच उमेद, अनिल धरौदी, मंदीप नैन, राजेन्द्र बेदी, रूपेंदर मोर, बलिंद्र मलिक मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



### दृढ़ संकल्प से हर मुकाम हासिलः नैन

**कैथल** । युवा एवं उद्यमिता विभाग के सलाहकार लेफ्टीनेंट जनरल जेएस नैन ने कहा कि दृढ़ संकल्प से अपनी मंजिल को आसानी से पाया जा सकता है। नैन सोमवार के राजकीय आईटीआई कलायत में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। यहां पहुंचने पर प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर वर्ग अनुदेशक ओमपाल, वीरेंद्र श्योकंद, रामफल, युधवीर सिंह मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों में दो पीओ अपराधी दबोचे

**कैथल** । पीओ पकड़ो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस द्वारा अलग अलग मामलों में 2 उद्धघोषित आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पी.ओ. स्टाफ के एसआई कृष्णलाल की टीम द्वारा आरोपी गांव खुसरोपुर जिला पटियाला पंजाब निवासी कृपाल सिंह को काबू कर लिया गया।

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**कैथल**। जिला पुलिस द्वारा वाहन चालकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा मुहिम तहत एसएचओ ट्रैफिक एसआई रमेश कुमार की टीम द्वारा नया बस अड्डा कैथल पर वाहन चालको तथा हनुमान वाटिका कैथल में आमजन को यातायात नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया गया।

### पांच दिवसीय लाइफ स्किल डेवलपमेंट शिविर शुरू

**कैथल** । रावमा विद्यालय खेडी गुलाम अली में प्रधानाचार्य हरपाल सिंह की अध्यक्षता में 5 दिवसीय लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप की रिबन काट कर शुरूआत की गई। इस शिविर में पचास छात्राओं ने भाग लिया। कृषि विभाग की ओर से राकेश गोयल जी ने खाद बनाने की विधि समझाते बच्चों को बताया कि हम सब्जी के छिलको व पत्तियों से अच्छी खाद तैयार कर सकते हैं।

### पार्टी में कोई छोटा बड़ा नहींः अशोक

**कैथल**। भाजपा के तीसरी बार मनोनीत जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि पार्टी में कोई छोटा या बड़ा नहीं है, हर कोई कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वे निष्ठा व ईमानदारी से उसे पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। अशोक गुर्जर गांव डुलयानी में भाजपा महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी के निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कार्यकत्राओं को संबोधित कर रहे थे। गांव में पहुंचने पर अनिता चौधरी व समाजसेवी वी.एस. चौधरी ने अशोक गुर्जर का शॉल उड़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

### अमित गोलन का भव्य स्वागत किया

**पूंडरी**। विधायक प्रतिनिधि एवं युवा नेता अमित गोलन ने गांव हजवाना में ग्रामीणों का हालचाल जाना और उनसे पूछा अगर कोई समस्या है तो बताएं, वे उसका मौके पर ही निवारण करेंगे। ग्रामीण डा. बलविंद्र के निवास पर आयोजित कार्यक्त्रम में पहुंचने पर अमित गोलन का भव्य स्वागत ग्रामीणों द्वारा किया गया। सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि गांव हजवाना उनका अपना गांव है, इसलिए विधायक ने इस गांव में 4 करोड़ की ग्रांट जारी की है।

### वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अभियान जारी

**कैथल**। धुंध का मौसम चला हुआ है, जो धुंध के मौसम में वाहन दिखाई न देने कारण सड़क हादसे हो जाते है। थाना यातायात पुलिस की टीम द्वारा एसपी उपासना के आदेशानुसार लगातार सड़को पर आने-जाने वाले वाहनों के आगे-पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। चालक रात के समय वाहन के खराब होने तथा अन्य स्थिति में वाहन को सड़क पर खड़ा न कर सड़क से नीचे खड़ा करें।

---

नवींनतम टैक्नोलॉजी से जुड़कर विकास की गति को और अधिक बढ़ाने में योगदान दे

# 25962 आंगनबाड़ी केंद्रों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा : कमलेश

राज्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजरों, सीडीपीओ को वितरित किए 1326 मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि करीब 28 करोड़ रुपये की लागत से राज्य की सभी आंगनवाड़ी वर्कर्स, सुपरवाइजर, सीडीपीओ को मोबाइल फोन वितरित किए जा रहे हैं। प्रदेश के 22 जिलों में 25 हजार 962 आंगनवाड़ी वर्कर, 1016 सुपरवाइजर तथा 148 सीडीपीओ को फोन दिए जा रहे हैं। जिला कैथल में 1326 मोबाइल फोन वितरित किए गए हैं।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा अतिरिक्त अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्कर्स को मोबाइल फोन वितरित करने के दौरान बोल रही थी। राज्यमंत्री ने कहा कि जिला कैथल में 1270 आंगनवाड़ी वर्कर्स, 49 सुपरवाइजर तथा 7 महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को मोबाइल फोन मुहैया करवाए गए हैं। इस व्यवस्था से इन सभी को आंगनवाड़ी केंद्र के कार्यों को और बेहतर तरीके व तेज गति से करने में जहां मदद मिलेगी, वहीं समय की भी बचत होगी। आज विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे आईसीडीएस, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बाल संवर्धन प्रणाली आदि के अंतर्गत लाभार्थियों का रियल टाईम डाटा पोर्टल पर भरा जा रहा है। स्मार्ट फोन मिलने से पोषण अभियान के अंतर्गत सभी लाभार्थियों को पोषण ट्रैक के माध्यम से आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा।



कैथल। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा आंगनबाड़ी वर्करों को मोबाइल वितरित करते हुए।



कैथल। कैथल की अतिरिक्त अनाज मंडी में पहुंची आंगनबाड़ी वर्कर, सुपरवाइजर व सीडीपीओ

#### रजिस्टर भरने से निजात मिलेगी

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मोबाइल फोन मिल जाने से सभी वर्कर्स को विभागीय सेवा से संबंधित 11 मैनुअल कार्य रजिस्टर में भरने से निजात मिलेगी। नवींनतम टैक्रोलॉजी से जुड़कर विकास की गति को और अधिक बढ़ाने में सभी अपना योगदान दे सकें गे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में पहले से ही 4 हजार प्ले स्कूल खोले जा चुके हैं। भविष्य में 4 हजार और प्ले स्कूल खोले जाएंगे। जिला में 240 प्ले स्कूल सुचारू रूप से चल रहे हैं। प्रदेश की 25 हजार 962 आंगनवाड़ी केंद्रों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में 9500 उन आंगनवाड़ी केंद्रों को कवर किया जाएगा, जो सरकारी भवनों में चल रही है, जिसमें से 5108 आंगनवाड़ी केंद्रों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा चुका है। कामकाजी महिलाओं की आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश में 500 नए क्रैच कामकाजी महिलाओं के शिशुओं के लिए खोले जाएंगे। राज्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आंगनवाड़ी कार्यकताअरं व सहायिकाओं के साथ संवाद करते हुए अनेकों घोषणाएं की थी, जिसके तहत 10 वर्ष से अधिक का अनुभव रखने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय 12661 रुपये से बढ़ाकर 14 हजार रुपये, 10 वर्ष से कम अनुभव वालों का मानदेय 11401 रुपये से बढ़ाकर 12500 रुपये, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय 11401 से बढ़ाकर 12500 रुपये तथा आंगनवाड़ी का मानदेय 6781 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये किया गया है। इसी प्रकार वर्दी भत्ता में बढ़ोतरी की गई है। आंगनवाड़ी कार्यकताअरं को सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली राशि को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये किया गया है और आंगनवाड़ी हैल्पर की सेवानिवृत्ति राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये की गई है। इस अवसर पर विभाग की जॉइंट डारैश्चटर राजबाला कटारिया, डीपीओ गुरजीत कौर, प्रदीप कुंडु, सुनिता शर्मा, गौरव पुनिया, वनिता पंवार, शशिबाला के साथ सभी सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी वर्कर मौजूद रही।

---

## पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : कमलेश ढांडा



कैथल। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा गांव खेड़ी शेरू में जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते।

- गांव सेगा व खेड़ी शेरू में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार द्वारा ऐसे लोग जो सरकार की योजनाओं से वंचित थे और लाभ नहीं उठा पा रहे थे, उनको योजनाओं का लाभ देकर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा सोमवार को गांव सेगा व खेड़ी शेरू में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते बोल रही थी। इससे पहले राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों संग गांव सेगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइव कार्यक्रम को देखा व सुना। कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सेवाओं का लाभ मौके पर दिया गया।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, जिसको हम सभी को मिलकर पूरा करना है। केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी योजना जैसे आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, जगमग योजना, खाद्य आपूर्ति विभाग की योजना, हर घर में नल और हर नल में जल, बैंकिंग से संबंधित योजना, स्वास्थ्य विभाग शामिल हैं।

,उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत माता बहनों को फ्री में गैस सिलेंडर देने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। अब महिलाओं को धुँआ से निजात मिली है। परिवार में सुख और समृद्धि आई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में एक बहुत बड़ा बदलाव किया। बिना पर्ची बिना खर्ची युवाओं को नौकरियां प्रदान की जा रही है। जो बच्चे मेहनत करते हैं पढ़ाई करते हैं बिल्कुल सामान्य परिवारों से गरीब घरों से बच्चे नौकरियां लग रहे हैं तो यह एक बड़ा बदलाव किया। इस गांव में भी काफी बच्चे नौकरियां लगे हैं।

---

## दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से निपटा कमालपुर का पुल विवाद

- एजेंसी को दिया पुल बनाने का आदेश, किसानों ने डिप्टी सीएम का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कलायत खंड के गांव कमालपुर में किसानों द्वारा पुल बनाने को लेकर चल रहा धरना डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से समाप्त हो गया। किसानों की मांग को देखते हुए दुष्यंत चौटाला ने संबंधित एजेंसी को पुल बनाने के आदेश दिए। इसके उपरांत किसानों द्वारा दिया जा रहा धरना समाप्त हो गया। जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रधान रणदीप कौल ने बताया कि पुल बनाने को लेकर किसानों ने दुष्यंत चोटाला का आभार जताया है। बता दें कि हाइवे पर ड्राइंग में पुल दर्शाया गया था लेकिन एजेंसी के अधिकारी जानबूझकर पुल बनाने से इंकार कर गए थे। इसके विरोध में कमालपुर के किसानों द्वारा भीषण ठंड के बावजूद यहां पर 41 दिनों से लगातार धरना दिया जा रहा था। धरने को भाकियू व अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा भी समर्थन दिया गया था। 7 जनवरी को किसानों व ग्रामीणों ने इसके विरोध में स्टेट हाइवे को उखाड़ने का ऐलान किया था। इसे लेकर एजेंसी अधिकारियों व सरकार की नींद टूटी थी। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चोटाला ने तुरंत प्रभाव से एजेंसी अधिकारियों को यहां पर पुल बनाने के आदेश दिए।



रणदीप कौल



#### 80 जरुरतमंदों को कम्बल वितरित

**कैथल**। असहाय और जरुरतमंद मानवता की सेवा कर जिस आत्मसुख की अनुभूति होती है उसे शब्दों में ब्यान नहीं किया जा सकता। उक्त विचार कैथल के सुप्रसिद्ध उद्योगपति व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरनाथ भगत ने सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रकट किए। सर्दी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रधान नरेंद्र निझावन व मुख्य संरक्षक महेश ढुआ की अध्यक्षता में 80 जरुरतमंदों को कम्बल, जुराबें व बिस्कुट के पैकेट वितरित किए गए। प्रधान नरेंद्र निझावन ने बताया कि हमारी संस्था सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी द्वारा हर वर्ष मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर जरुरतमंदों को कंबल , जुराबें वितरित किए जाते हैं,इस वर्ष सर्दी अधिक पड़ जाने के कारण कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही जरुरतमंदों को 80कम्बल,जुराबें व बिस्कुट के पैकेट बांटे गए। संस्था द्वारा मुख्य अतिथि अमरनाथ भगत को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## दर्जनों ने थामा जजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जजपा किसान सैल के जिला प्रधान बलराज नौच की अगुवाई में नरेश कश्यप सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के निवास पर जजपा में शामिल हो गए। दुष्यंत चौटाला ने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया तथा उन्हें संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बलराज नौच ने कहा कि जजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो आम कार्यकर्ता को भी पूरा मान सम्मान देती है। जजपा में ही आम आदमी के हित सुरक्षित हैं। बता दें कि नरेश कश्यप ने वार्ड नंबर 10 से जिप का चुनाव लड़ा था तथा वे दूसरे नंबर पर रहे। यही नहीं नरेश कश्यप पिछले लंबे समय से कश्यप धर्मशाला के जिला प्रधान भी हैं। इसक अलावा खानपुर से सोनू सैनी ने भी बलराज नौच के साथ जजपा का दामन थाम लिया। सोनू सैनी भी सैनी समाज के प्रबुद्ध वर्ग से हैं तथा समाज में उनकी अच्छी पकड़ है। बलराज नौच ने कहा कि आज प्रदेश में जजपा का संगठन मजबूत हो रहा है।



कैथल। बलराज नौच की अगुवाई में जजपा में शामिल होते नरेश कश्यप, सोनू सैनी को जजपा का पटका पहनाते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

---



कैथल। गांव मोहना में सफाई मजदूरों के साथ सफाई करते सतपाल जांबा।

#### सतपाल जांबा ने मोहना में चलाया सफाई अभियान

**पूंडरी**। गांव जांबा के सरपंच के भाई समाजसेवी सतपाल जांबा द्वारा चलाई गई पूरे हलके के हर गांव में गंदगी को साफ करने की मुहिम के तहत गांव मोहना में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें लगभग 50 सफाई मजदूर व ग्रामीणों के सहयोग से पूरे गांव की शाम के 4ऱ00 तक गंदगी की सफाई की गई और गंदगी को ट्रालियों में डालकर बाहर डाला गया। इस दौरान बातचीत करते हुए सतपाल जांबा ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि हलके के सभी 54 गांव में सफाई अभियान चलाकर गंदगी को साफ करेंगे। जब तक एक गांव में पूरी तरह से गंदगी साफ नहीं हो जाती है तो दूसरे गांव में कार्य शुरू नहीं करेंगे। बता दें कि सतपाल जांबा ने हलके के गांव ट्योंठा से सफाई अभियान का शुभारंभ किया था और पूरे गांव को 9 दिन में गंदगी मुक्त बना दिया था। उसके बाद दूसरे गांव मोहना में सफाई की गई। गांव जांबा प्रदेश का पहला ऐसा गांव है जो सफाई के मामले में हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है और नंबर वन पर रहा है। सतपाल जांबा ने कहा कि उनका अभियान यही सी समाप्त नहीं हो जाता।

#### मानव सेवा से बढकर कोई सेवा नहीं : प्रमोद

**पूंडरी**। गांव जटेड़ी में समाजसेवी प्रमोद चुहडमाजरा ने नेत्र जांच शिविर अभियान के तहत मुफ्त 30वें जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. षिपाल करनाल व उनकी टीम द्वारा 105 मरीजों की आंखों की जांच कर इनमें से 5 मरीजों को अधिक समस्या होने की वजह से ऑपरेशन के लिए कहा गया। इस मौके पर मरीजों को जांच के बाद उचित परामर्श, दवाइयां और चश्मे वितरित किए। इसके अलावा जिन मरीजों की आंखों का ऑपरेशन किया जाना है, उनकी आंखों में सफेद व काला मोतिया व अन्य समस्या थी, उनका ओप्रेशन करनाल डा. षिराज अस्पताल में किया जाएगा। ओप्रेशन के लिए समाजसेवी प्रमोद चूहड़माजरा द्वारा मरीजों को करनाल के डा. षिराज अस्पताल में ले जाया और घर तक पहुंचाया जाएगा। प्रमोद ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।

## वॉलिंटियर्स को दिया राष्ट्रीय सेवा का संदेश

- एमडीएन ग्लोबल स्कूल में राष्ट्रीय सेवा की शपथ के साथ एनएसएस शिविर का विधिवत समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन समारोह आयोजित किया गया।

समारोह का शुभारंभ एनएसएस. जिला के संयोजक विजेंद्र, विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार, मैनेजर गौरव गर्ग, चेयरपर्सन निधि कंसल और प्राचार्य डॉ संत कौशिक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर एनएसएस. के जिला संयोजक विजेन्द्र ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह कर कार्यक्रम की शोभा बढाई। अपने संबोधन में एन.एस.एस. के इतिहास से परिचित करवाते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक भारतीय सरकार द्वारा 1969 में गांधी जी के शताब्दी वर्ष में शुरू की गई थी। सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व को विकसित करने के उद्देश्य से स्थापित एन.एस.एस., कॉलेजों, विवि और बारहवीं स्तर पर युवाओं को जागरूक करने का एक स्वैच्छिक संघ है। विद्यालय के निदेशक ने विनोद ने एनएसएस. के उद्देश्य नॉट मी बट यू को दोहराते कहा कि एनएसएस. का आदर्श भी फट वाक्य नॉट मी बट यू आज के युग में निःस्वार्थ सेवा की भावना की आवश्यकता को दर्शाता है।



कैथल। स्वयं सेवकों को संबोधित करते एमडी डा. विनोद कुमार।

#### बालू अनाज मंडी की रैली का दिया न्योता

**राजौंद**। कांग्रेस के किसान खेत मजदूर के प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर कोलेखा गांव सौंगरी में जनता के बीच जाकर 13 को बालू अनाज मंडी में होने वाली कांग्रेस की रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा की 13 जनवरी को अनाज मंडी बालू में होने वाली कांग्रेस की रैली के बाद प्रदेश में नया परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोगों से संपर्क करने पर लोगों ने कांग्रेस के प्रति अपनी आस्था दिखाई हैं। वर्तमान भाजपा जजपा सरकार से हर वर्ग दुखी है किसान मजदूरए कर्मचारी सभी वर्तमान सरकार से परेशान हो चुके हैं।अब जनता ने मन बना लिया है कि वह फिर से कांग्रेस को सत्ता सौंपेंगी।


**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब- रजिस्ट्रार जींद।**

मै सुखजिन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय सूरत सिंह पुत्र स्वर्गीय पिशोरा सिंह निवासी बक्शी मौहल्ला तहसील व जिला जींद।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि (प्रार्थी) सुखजिन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय सूरत सिंह निवासी बक्शी मौहल्ला तहसील व जिला जींद ने एक दस्तावेज जिसमें डिक्री शीट सिविल सूट नंबर 23 फैसला दिनांक 14/01/1985 बाअदालत माननीय श्री बी एस शर्मा, एच सी एस, सीनीयर सब जज जींद अनुसार अपनी मां श्रीमति हरभजन कौर पत्नी स्वर्गीय सूरत सिंह के बक्शी मौहल्ला जींद स्थित मकान मे 1/3 हिस्से को विक्रयपत्र / ट्रांसफरडीड पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता श्रीमति हरभजन कौर पत्नी स्वर्गीय सूरत सिंह का स्वर्गवास दिनांक 03/05/1999 को हो चुका है व हरभजन कौर के पति सूरत सिह का स्वर्गवास दिनांक 11/07/1972 को हो चुका है। हरभजन कौर पत्नी स्वर्गीय सूरत सिंह के स्वर्गवास उपरांत उनके लीगल वारिसों के नाम इस प्रकार से हैं-

1- सुखजिन्द्र सिंह, 2- बलजिन्द्र सिंह पुत्रान स्वर्गीय सूरत सिंह पुत्र स्वर्गीय पिशोरा सिंह हैं।

इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसके लिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 15 दिन के अंदर-अंदर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोकत तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 03/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, जींद।


---

पंजाबी गीतों से सरोबार रहा पंजाबी वैल्फेयर सभा का लोहड़ी पर्व

# लोहड़ी पंजाबियों की खुशी का त्योहार : कैलाश भगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पंजाबी समाज द्वारा जल्द ही एक शिक्षण संस्थान बनाया जाएगा, जो नो प्रोफिट, नो लोस पर चलाया जाएगा। इसकी जल्द ही नींव रखी जाएगी। इस शिक्षण संस्थान के लिए जल्द ही हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मिलने की घोषणा की है। हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत ने रविवार देर सांस पंजाबी वैल्फेयर सभा द्वारा पंजाबी सेवा सदन में पंजाबी परिवार मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पंजाबी गीत-संगीत और नृत्य की स्वरलहरियों के बीच पंजाबी वैल्फेयर सभा का लोहड़ी उत्सव आयोजित हुआ। पंजाबी और पंजाबियत की गर्माहट कार्यक्रम में देखने को मिली जहां लोहड़ी के अलावा के ईद-गिर्द पंजाबी नृत्य की धूम रही, वहीं पर्व की खास बात गिले शिकवे भुलाकर लोग एक दूसरे से गले मिलते भी देखे गए। कार्यक्रम में फन गेम, बच्चों की शानदार प्रस्तुतियां, व पंजाबी गीतों की धुनों पर लोग कुछ पल सुकून के बिताने के लिए खूब थिरके। यही इस लोहड़ी पर्व की खास बात है। कार्यक्रम का आगाज मुख्यातिथि कैलाश भगत चेयरमैन हैफेड हरियाणा विशिष्ट अतिथि के रूप में अमरजीत छाबड़ा प्रधान राइस मिल एसोसिशन हरियाणा व अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



कैथल। पंजाबी वेलफेयर सभा के कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।



कैथल। सभा के पदाधिकारी चेयरमैन कैलाश भगत को सम्मानित करते।

#### ये रहे मौजूद

महासचिव सुषम कपूर ने कहा कि हम सब सभा के कार्यकारिणी के सदस्यों का उनके योगदान के लिए आभार भी व्यक्त करते हैं जिन्होंने दिन रात एक करके इस आयोजन की कामयाबी के लिए अपना यथासंभव योगदान दिया। पंजाबी वैल्फेयर सभा के महासचिव सुषम कपूर ने सभा की गतिविधियों का ब्यौरा देते हुए कहा कि अभी तो पंजाबी वैल्फेयर सभा के सभी सदस्यों के सहयोग से पायदान दर पायदान आगे बढ़ते हुए पंजाबी सभा के उत्थान के लिए सभा निरंतर अग्रसर रहेगी। प्रधान सुभाष कथूरिया, मुख्य संरक्षक इन्द्रजीत सरदाना, महासचिव सुषम कपूर, कोषाध्यक्ष राकेश मल्होत्रा,अमरनाथ भगत, कैलाश भगत, नरेश बत्तरा, अधिवक्ता राजकुमार निझावन, राजकुमार मुखीजा, राजेन्द्र मेहता, तुलसीदास सचदेवा, नरेंद्र निझावन, लख्मीदास खुराना आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया

**राजौंद।** नगर पालिका परिसर में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण के तहत मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण दिया गया। जानकारी देते हुए प्रशिक्षण संस्थान ग्योग के सौजन्य से व ज्योति ग्रामीण विकास मंडल के सहयोग से 03 जनवरी से 13 जनवरी तक यह प्रशिक्षण शिविर किया गया है। सोमवार को शिविर में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता फुल कुमार ने युवाओं को मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के तहत खादी ग्रामोद्योग द्वारा दिए जाने वाले मधुमक्खी डिब्बों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि युवा मधुमक्खी प्रशिक्षण के तहत शहद का उत्पादन करें तो खादी ग्राम उद्योग निःशुल्क प्रति प्रशिक्षक को 10 डब्बे मुहैया करवाएगा।



### साहिल मोर ने जीता बाक्सिंग में गोल्ड मेडल

**उचाना।** महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित 52 किलोग्राम आल इंडिया बाक्सिंग अंडर-17 में मांडी कलां गांव के साहिल मोर ने गोल्ड मेडल जीता। साहिल मोर ने फाइनल मुकाबले में पंजाब के खिलाड़ी को हराया। 24 से 30 दिसंबर तक ये प्रतियोगिता आयोजित हुई। विकास लोहान कोच की अगुवाई में साहिल मोर ने बाक्सिंग प्रतियोगिता की तैयारी की। साहिल मोर ने बताया कि संडील गांव के आदर्श स्कूल में 9वीं कक्षा का विद्यार्थी है। ऑल इंडिया बॉक्सिंग अंडर-17 प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।

### नेकी का घर संस्था बांटेगी गरीबों में दस्ताने

**गुहला-चीका।** नेकी का घर संस्था की अहम मीटिंग दफ्तर में हुई। इसमें विचार विमर्श किया गया कि अब कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जिसमें गर्म कपड़े तो नेकी का घर संस्था बांट रही है। इसके साथ-साथ जुराबें, दस्ताने, टोपी आदि भी उपलब्ध करवा कर झुग्गी झोपड़ी व अन्य गरीब जरूरत मंदों बच्चों व बड़ों में बांटी जाएगी। ताकि उनको ठंड से राहत मिल सके, नेकी का घर संस्था के सचिव डाक्टर गुरदेव जोसन ने बताया कि अगले दो-तीन तक गरीबों में इनको बांटने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### सटोरिया काबू, 4020 रुपए नकदी बरामद

**कैथल।** थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 4020 रुपए नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सिविल लाइन पुलिस के एएसआई संजय की टीम को सूचना मिली की देवीगढ रोड़ कैथल फाटक के पास एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस उक्त स्थान पर दबिश देकर वहां सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी शांति नगर कैथल निवासी पवन कुमार को काबू कर लिया गया।

### शहर के समाजसेवी लोगों ने भी दिया नपा कर्मचारियों का साथ

# चीका नप ने चलाया बेसहारा गायों व आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान

कड़कड़ाती ठंड में रात को गौवंश खुले में रहने के कारण ठिठुरता रहता है वहीं धुंध के कारण हादसे बढ़ गए हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका



गुहला-चीका। सड़कों पर घूम रही बेसहारा गायों व आवारा पशुओं को पकड़ते हुए नपा कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगरपालिका चीका ने सड़कों पर घूम रहे बेसहारा व आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। उक्त अभियान में शहर के कई समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े हुए लोग भी नपा कर्मचारियों के साथ आए और उनका सहयोग किया। मालूम रहे कि पिछले कुछ समय से लोग यह शिकायत कर रहे थे कि जहां कड़कड़ाती ठंड में रात को गौवंश खुले में रहने के कारण ठिठुरता रहता है और एक-एक करके दम तोड़ रहा है, वहीं धुंध व कोहरे के चलते रात को दुर्घटनाएं भी बढ़ रही थी, जिसमें पशु भी चोटिल हो रहे थे और लोगों भी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे थे। नपा अधिकारियों ने उक्त अभियान में आम लोगों का भी समर्थन मांगा था, जिसका असर हुआ और कई समाजसेवी लोग आगे आए और उन्होंने भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए भरसक प्रयास किए।

### नपा चेयरपर्सन के आदेश पर चलाया गया अभियान

नपा कर्मचारियों द्वारा शुरू किए गए अभियान की नपा वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि राजीव शर्मा ने स्वयं निगरानी की और मौके पर पहुंचे पत्रकारों को बताया कि उक्त अभियान नपा चेयरपर्सन डाक्टर रेखा रानी के आदेश से चलाया जा रहा है। राजीव शर्मा ने बताया कि रात के अंधेरे में कुछ लोग गाय व अन्य पशुओं को सड़कों पर छोड़ जाते हैं और पंजाब बार्डर से भी कुछ लोग पशुओं को छोड़ जाते हैं, जिस कारण नगरपालिका जितने भी पशुओं को पकड़ता है तो अगले दिन उतने ही पशु फिर सड़कों पर होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी भी सूचनाएं मिल रही हैं कि गोशाला में भेजे जाने वाली गायों को भी कथित रूप से रात को छोड़ दिया जाता है और वे भी सड़कों पर आ जाती हैं। उन्होंने गोशाला कमेटी को व आम लोगों का आह्वान किया है कि सर्दी के मौसम को देखते हुए वे नगरपालिका का सहयोग करें।

### गोशाला के बाहर देना पड़ेगा धरनाः भारद्वाज

नेकी का घर संस्था के प्रधान सागर भारद्वाज ने आरोप लगाया कि उन्हें भी ऐसी ही सूचनाएं मिल रही हैं कि गौशाला वाले रात को चुपके से गायों के रस्से खोल देते हैं और गाएं सड़कों पर आ जाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तो नगरपालिका चाहे कितने अभियान चला ले, उसे सफलता ही नहीं मिलेगी क्योंकि नपा पकड़ती रहेगी और गौशाला पशुओं को छोड़ती रहेगी। भारद्वाज ने गौशाला कमेटी को चेताया कि जिन गायों को नपा व अन्य सामाजिक लोग गौशाला में छोड़कर जाते हैं, तो वे उनका भरण पोषण करें और उन्हें खुला ना छोड़ें अन्यथा लोगों को उनके खिलाफ रोष प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### गायों की सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते

गौशाला के प्रधान सुशील जिन्दल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गायों को रात को छोड़ देने के जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि गायों की सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। जिन्दल ने कहा कि गायों को सूखा व हरे चारे के साथ-साथ उन्हें सर्दी से बचाने के लिए गुड़ आदि की भी व्यवस्था है और घायल होने वाली गायों के लिए डाक्टर व दवाओं की भी पूरी व्यवस्था है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे गौशाला में आएं और गायों की सेवा करें तथा गौ माता के लिए ज्यादा से ज्यादा दान भी दें ताकि गायों के लिए ओर भी ज्यादा उचित व्यवस्था की जा सके।



पूंडरी। नई अनाज मंडी में बैठक में भाग लेते हुए आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

# नई अनाज मंडी में आढ़तियों की हुई बैठक

- घटती को लेकर आढ़तियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

नई अनाज मंडी में प्रधान ध्यानचंद मूंदड़ी की दुकान पर दोनों मंडियों के आढ़तियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडी एसोसिएशन प्रधान सतीश हजवाणा, ध्यानचंद मूंदड़ी व काका उर्फ कृष्ण गोयल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें धान के सीजन में आढ़तियों की आई लाखों रुपए की लगभग 500 क्विंटल की घटती को लेकर खरीदार व आढ़तियों में विवाद बना हुआ था। जो एजेंसी द्वारा पोर्टल भी डाली गई थी। जिसके लिए प्रधानों के नेतृत्व में आढ़तियों व खरीदारों के बीच में सहमति बनाने के लिए संबंधित राइस मिलरों के खरीदारों को मौके पर बुलाया गया और उनसे कहा गया कि वे पुरी की पुरी घटती को माफ करें। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए। जिसमें प्रस्ताव पारित किया गया कि इस बार नए सत्र में दोनों मंडियों के लिए सहमति से एक प्रधान को चुना जाएगा, चाहे वह सर्वसम्मति से हो या फिर चुनाव से बनाया जाए। जिस पर तीनों प्रधानों ने अपनी सहमति प्रकट की। भविष्य में कोई भी खरीददार धान की घटती नहीं काटेगा और न ही आढ़ती घटती देगा। खरीददार समय पर धान की बोरियों का उठान करवाए। जो भी आढ़ती व खरीददार आगामी सीजन में घटती काटेगा या कटवाएगा, उसका लेनदेन बंद किया जाएगा। बैठक में रमेश बरसाना, जेपी जूड़, सुनहरा सिंह, मनदीप वालिया, सकिन, षिराज, प्रवीण करोड़ा, वेद शर्मा, बेदी लाला, प्रवीण गोयल, बलविंद्र हजवाणा, राजू सेठ, सुरेश गोयल, सुशील कुमार, अजमेर बाकल, देशराज गर्ग, जयभगवान गर्ग, कर्मबीर मूंदड़ी, प्रदीप कुमार, काकु कत्याल, भानी सेठ, गौरव गुप्ता, रामनिवास, बलबीर राणा, रणबीर राणा भी मौजूद थे।

### चार एसोसिएशन होने से आढ़तियों को नुकसान

पूंडरी अनाज मंडी में पिछले कई वषोंर् से कई-कई एसोसिएशन न जाने से आढ़तियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बार भी दोनों मंडियों में चार-चार प्रधान होने से कई महत्वपूर्ण फैसलों पर सहमति नहीं बन पाती है। जिसका फायदा खरीददार, सरकारी एजेंसी, अधिकारी उठा लेते है और अपनी मनमर्जी थोपते है। इसके अलावा आढ़ती किसी भी प्रकार की धारा भी लागू नहीं कर पाते है। जिससे इस बार आढ़तियों में कई-कई एसोसिएशन होने से काफी रोष पनप रहा था। चार प्रधानों के बावजूद भी आढ़तियों ने अलग से एक 21 सदस्यीय कमेटी भी बनाई हुई थी।

# अंटा में निकाली अक्षत कलश यात्रा

- महिला श्रद्धालु श्रीराम के भजनों पर जमकर थिरके

हरिभूमि न्यूज ⏭ सफीदों



सफीदों। गांव अंटा में पूजित अक्षत कलश यात्रा निकालते हुए ग्रामीण।

विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान उपमंडल के गांव अंटा में ढोल-नंगाडों के साथ पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप ग्राम अध्यक्ष पवन कश्यप ने की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि विहिप के जिला मंत्री प्रमोद गौत्तम ने शिरकत की। इस मौके पर गांव में भव्य पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस यात्रा के दौरान महिला श्रद्धालु श्रीराम के भजनों पर जमकर थिरके। वहीं जिला मंत्री प्रमोद गौत्तम व ग्राम अध्यक्ष पवन कश्यप में डोर-टू-डोर जाकर श्री अयोध्या धाम से पहुंचे पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर के सुंदर चित्र व पत्रक श्रद्धालुओं में वितरित किए गए। अपने संबोधन में ग्राम अध्यक्ष पवन कश्यप ने कहा कि आप और हम सभी भाग्यशाली हैं कि इस हमारी आंखों के सामने भगवान श्री रामलला के बाल स्वरूप विग्रह अयोध्या जी में विराजमान होंगे। इस शुभ घड़ी, शुभ तिथि, शुभ नक्षत्र एवं शुभ मुहूर्त अर्थात 22 जनवरी को हम सबने दिपावली मनानी है, घर-घर सजाना है और मिठाइयां बांटनी है। उस बलिदान व कड़े संघष का ही परिणाम है कि आज अयोध्या में भव्य श्री राम लला मंदिर निर्माण हुआ है और इसका लोकार्पण होने जा रहा है।

### रिंग बांध की दयनीय हालत से लोगों में रोष

**राजौंद।** नगर के वार्ड नंबर 6 में जींद मार्ग से प्राइमरी स्कूल को जाने वाले रिंग बांध की दयनीय हालत को लेकर लोगों ने रोष प्रकट किया है। इसे लेकर लोगों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस बारे वार्ड नंबर 6 के भीम सिंह, महेंद्र, शेखर, ईश्मा सिंह, अनिल कुमार, मांगे राम, प्रेम पूर्व फौजी, गुरमीत, मुकेश, दीपू ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चे इसी रास्ते से स्कूल में जाते हैं। यह रिंग बांध बनाने के लिए उखाड़ कर रख दिया है न ही इसको बनाया जा रहा है ओर न ही इस रास्ते को ठीक किया जा रहा है। इस रास्ते से छोटे-छोटे बच्चे जातें हैं। जिससे उनके अभिभावकों को भय रहता है कि गहरे तालाब में बच्चे न गिर जाएं।

# 28 को होगी आप की जनसभा

- बजट में वायदा करने के बाद भी 2023 में सरकार नहीं कर पाई कोई भर्ती पूरी : अनुराग ढांडा
- आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा की प्रेसवार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा कैथल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उनके साथ आम आदमी पार्टी के एजुकेशन विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष सतबीर गोयत, कृष्णानंद, सोनिया शर्मा, नीरज शर्मा, शमशेर मान, मीना सिंह और मेजर सिंह मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने प्रेस वार्ता में कहा कि आम आदमी पार्टी 28 जनवरी को जींद में एक बदलाव जनसभा का आयोजन करने जा रही है। जिसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान जनता को संबोधित करेंगे। इसके लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं व कार्यकताअरं की तरफ से जनसभा और नुक्कड़ नाटक कर निमंत्रण दिया जा रहा है। जिसके तहत मैं खुद अगले 10-15 दिन तक कैथल, जींद के इलाके में रहूंगा और आसपास के सभी गांव में जाकर जनसभा का निमंत्रण दिया जाएगा। इस बदलाव जनसभा में हरियाणा के हर गांव और वार्ड से लोग पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार डेढ़ साल के अंदर 50 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है और 700 अपॉइंटमेंट लेटर बांटने वाले हैं। वहीं दूसरी तरफ हरियाणा के युवा रोजगार के इंतजार में हैं। खट्टर सरकार नौकरियों को रद्द करने की घोषणा में लगी है। खट्टर सरकार में परीक्षाएं होती हैं तो पेपर लीक हो जाता है। अभी तक 40 भर्ती परिक्षाएं लीक हो चुकी हैं।

# स्केट बास्केट बॉल में साहिल ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन



सीवन। विजेता छात्र साहिल अपनी ट्राफी के साथ।

सिल्वर ओक इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र साहिल ने सूरत में आयोजित छठे राष्ट्रीय रोलर स्केट बास्केट बॉल चैंपियनशिप गेम्स 2023-24 में गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने स्कूल व कैथल जिले का नाम रोशन किया। स्कूल में पहुंचने पर छात्र का भव्य स्वागत किया गया। स्कूल के निदेशक प्रधानाचार्य इन्द्रनील गुप्ता ने बताया कि इस होनहार छात्र ने अपने अथक प्रयास, मेहनत व लग्न से यह सिद्ध कर दिया कि हौसले बुलंद हो तो जीवन की हर बाधा को पार कर सफलता के द्वार तक पहुँचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनके स्कूल का यह प्रयास रहता है कि बच्चे किताबी शिक्षा के साथ साथ खेलों में अग्रणी रहें। हर बच्चे में प्रतिभा छिपी रहती है।

# गर्जना रैली में भाग लेगा पिछड़ा वर्ग

- 17 फरवरी को रोहतक में होने वाली गर्जना रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। गर्जना रैली को लेकर मीटिंग करते पिछडा वर्ग के प्रतिनिधि।

17 फरवरी को रोहतक में होने वाली गर्जना रैली को लेकर पिछड़ा वर्ग प्रतिनिधियों की एक बैठक विद्यापीठ मार्ग पर प्रजापति कुम्हार धर्मशाला में हुई। मीटिंग में जींद से हजारों की संख्या में रैली में पहुंचने पर जोर दिया गया ताकि रैली में पहुंचकर लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके। बैठक में मुख्य तौर से महेंद्र पांचाल, दिनेश सेन, हनुमान वर्मा, तेजवीर सेन, सतीश जांगडा, रामकुमार प्रजापति मांडो इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर महेंद्र पांचाल ने बताया कि रोहतक में आयोजित होने वाली रैली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके साथ सांसद रामनाथ ठाकुर, डॉक्टर हर्षवर्धन, रामप्रीत, दुलालचंद गोस्वामी, अजय प्रताप सिंह और चंद्रशेखर कश्यप भी उपस्थित रहेंगे। ओबीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश सेन ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य देश व प्रदेश में बिहार रा'य की तर्ज पर जाति आधारित जनगणना, 70 वर्ष पुरानी मांग अनुसूचित जाति की तर्ज पर अन्य पिछड़ा वर्ग को लोकसभा, विधानसभा राज्यसभा में 27 प्रतिशत टिकट जैसी मांगों को गठबंधन को घोषणा पत्र में डालने की मांग प्रमुख है। गर्जना सेना के राष्ट्रीय प्रधान हनुमान प्रजापति ने कहा कि महिलाओं को 33 फीसद कोटे में भी ओबीसी की महिलाओं को अलग से कोटा देने आदि की मांग प्रमुखता से उठाएंगे।

# गौशालाओं को बांटी जा रही 40 करोड़ की ग्रांट

- कहा : 13 जनवरी को सफीदों में बांटी जाएगी क्षेत्र की गौशालाओं को ग्रांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सफीदों



सफीदों। हरियाणा गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग।

हरियाणा गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश की तमाम गौशालाओं को 40 करोड़ रूपए की ग्रांट बांटी जा रही है। यह ग्रांट गौशालाऔं में गौवंश की संख्या के हिसाब से दी जा रही है। इससे पूर्व पिछले वर्ष मई महीने में भी गौशालाओं को 40 करोड़ की ग्रांट प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गौ भक्त मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में गौ कल्याण, गौ संवर्धन, गाय माता की रक्षा के लिए बजट में बढ़ोतरी की गई थी। उसी बढ़ाए गए बजट का ही परिणाम है कि गौशाला को भारी ग्रांटे मिल रही।

### सफाई के लिए खुल चुका है 7.60 करोड़ का टेंडर



नरेंद्र शर्मा।

**पूंडरी।** नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने कहा कि शहर में सफाई निरंतर चल रही है। जहां कूड़ा दिख रहा है, वहां लोग दोबारा फैंक देते है और कुछ लोग तो कूड़ा-ककर्ट उठाने ही नहीं देते हैं। सफाई के लिए 7.60 करोड़ रुपए के टेंडर खुल चुका है, लेकिन उसमें कुछ लोगों ने शिकायत की हुई है, जब तक विभागीय तौर पर उनकी जांच नहीं हो जाती, तब तक वर्क ओडर नहीं दे सकते हैं। आज नगरपालिका पूंडरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनके ऊपर किसी भी प्रकार कोई राजनीतिक दबाव नहीं है। चेयरपर्सन ने जो टेंडर लगाने को कहा था, वे लग चुके हैं। नपा सचिव ने कहा कि उनके कार्यालय से संबंधित कोई फाइल पेंडिंग नहीं है। पूरे शहर में सफाई व्यवस्था का कार्य चला हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### कैथल जिले के विभिन्न गांवों में पुलिस टीम चला रही जागरूकता अभियान

# नशे के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक

- गांव बदसुई व खराल तथा चीका में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। नशा न करने बारे जागरूक करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत सोमवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार,पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर व एचसी सुनील कुमार तथा चालक संजय की टीम द्वारा गांव बदसुई व खराल तथा चीका में गांव के मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता।

नशे की लत में पड़ गया व्यक्ति अपने दृढ संकल्प से इस बुराई को छोड़ सकता है। पुलिस द्वारा जहां पर नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशे के आदि व्यक्ति का नशा छुडवाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जिले में नशे से पीड़ित व्यक्तियों की काउंसलिंग करवाई जा रही है।

### तस्करों पर कर रही कार्रवाई

डीएसपी ने कहा कि युवावर्ग को भी खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। आमजन नशे से संबंधित कोई भी सूचना पुलिस को दें।